दिन– बुधवार

दिनांक– 19 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए कार्य योजना बनाने का फैसला किया। मशीन लर्निंग और एआई टूल से होगी निगरानी।

02. उत्तर प्रदेश सरकार और महाकुम्भ मेला प्राधिकरण ने प्रयागराज महाकुम्भ मेले की अवधि छब्बीस फरवरी से आगे बढ़ाने की खबरों का खंडन किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के दौरान रोहतास जिले में लगभग बारह सौ करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

04. और, मरीजों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराने के मामले में बिहार लगातार पांचवें महीने देशभर में पहले स्थान पर।

———————————————————

राज्य सरकार ने भीड़ प्रबंधन के लिए कार्य योजना बनाने का फैसला किया है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की पहल पर पटना में गृह, स्वास्थ्य, नगर विकास, ऊर्जा और पथ परिवहन समेत चौदह विभागों की बैठक में यह फैसला किया गया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉक्टर उदय कांत ने बताया कि बैठक में गोल्ड कमांडर सिस्टम अपनाने का फैसला किया गया है। इसके अनुसार प्रत्येक आयोजन स्थल पर मुख्य कमांडर– गोल्ड कमांडर और डिप्टी कमांडर, सिल्वर कमांडर तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों के दौरान आपात सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा भीड़ प्रबंधन में मशीन लर्निंग और एआई टूल से निगरानी करने पर भी सहमति बनी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए समय–समय पर मॉक ड्रिल होगा और पूर्व की घटनाओं से सीख लेकर प्रभावी रणनीति बना कर काम किया जायेगा।

———————————————————

महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुये प्रदेश के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था और यात्री सुविधाओं का विस्तार किया गया है। दानापुर रेल मंडल के कई स्टेशन पर होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है

———बाईट———

इधर, समस्तीपुर रेल मंडल के छह स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया का निर्माण करवाया गया है। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि होल्डिंग एरिया में यात्रियों के बैठने के साथ–साथ यूटीएस टिकट काउंटर भी खोला गया है। उन्होंने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल और रेल पुलिस के साथ–साथ एसएसबी के जवानों की भी तैनाती की गयी है।

–––बाईट–––

मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि समस्तीपुर मंडल अन्तर्गत आने वाले विभिन्न स्टेशनों से पिछले एक सप्ताह में नौ कुम्भ स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया गया है।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––

उत्तर प्रदेश सरकार और महाकुंभ मेला प्राधिकरण ने ऐसी अफवाहों को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया जा रहा है कि प्रयागराज में महाकुंभ मेले को छब्बीस फरवरी से आगे बढ़ा दिया गया है। प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र मॉदड ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर ऐसी अफवाह पूरी तरह निराधार है। एक रिपोर्ट–

–––वाइस कास्ट–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––

रेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के मामले में उच्च स्तरीय समिति द्वारा की जा रही जांच के अलावा कोई और जांच नहीं की जा रही है। मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्टों में इस घटना पर आरपीएफ जांच रिपोर्ट का हवाला दिया गया जो गलत और भ्रामक है। मंत्रालय ने मीडिया आउटलेट्स से इस संबंध में उच्च स्तरीय समिति की अंतिम रिपोर्ट की प्रतीक्षा करने का आग्रह किया।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान रोहतास जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे लगभग बारह सौ करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री विभागीय अधिकारियों के साथ जिले में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कार्यक्रम चेनारी प्रखंड के बादलगढ़ से शुरू होगा। वे दुर्गावती में ईको–टूरिज्म और एडवेंचर हब का शिलान्यास करेंगे। साथ ही वे हॉट एयर बैलून कार्यक्रम का भी उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री आदिवासी जनजाति विकास समिति द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न उद्यमों से संबंधित डॉक्यूमेंटरी का भी अवलोकन करेंगे। श्री कुमार मल्हीपुर में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसके अलावा वे प्रस्तावित

कुदरा–चेनारी–मल्हीपुर पथ चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री का वाजितपुर में काव नदी पर प्रस्तावित पुल के निर्माण स्थल के निरीक्षण का भी कार्यक्रम है। इसके अलावा वे विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण करेंगे और स्थानीय लोगों तथा जीविका दीदियों के साथ संवाद करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए सासाराम से चंदन कुमार।

गौरतलब है यह मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा का अंतिम चरण है। इसके तहत वे कल और परसों नालंदा और पटना जिले की यात्रा करेंगे।

———————————————————

मरीजों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराने के मामले में बिहार लगातार पांचवें महीने देशभर में पहले स्थान पर रहा है। राज्य स्वास्थ्य समिति के अनुसार दवा भण्डारण से लेकर वितरण तक दस मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते राज्य को यह उपलब्धि हासिल हुई है।

———————————————————

बिजली कम्पनियां अब अपनी सेवाओं की पहुंच आम लोगों तक उपलब्ध कराने के लिए जीविका दीदियों की मदद लेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीविका दीदियां लोगों को बिजली कम्पनी के नाम पर हो रही साईबर ठगी से बचाने के लिए भी जागरूक करेंगी। इस संबंध में पिछले दिनों पटना में आयोजित एक कार्यशाला में ग्यारह जिलों की जीविका दीदियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।

———————————————————

जल संसाधन विभाग ने तिरहुत मुख्य नहर के एक हिस्से के पुनर्स्थापन और लाइनिंग कार्य की शुरूआत कर दी है। इससे किसानों को काफी फायदा होगा। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

तिरहुत मुख्य नहर के जीर्णोद्धार से मुजफ्फरपुर जिले में सिंचाई सुविधा बेहतर हो जायेगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना के तहत तिरहुत मुख्य नहर के संबंधित हिस्से में काम हो रहा है, जिससे नहर तल में गाद की समस्या में कमी आएगी। साथ ही नहर के जलस्राव में वृद्धि होगी। इसके फलस्वरूप निर्माणाधीन नहर तथा इसके वितरण प्रणाली में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा और नहरों के अंतिम छोर तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इस योजना के पूर्ण होने से के जिले के मड़वन, कुढ़नी एवं मुसहरी प्रखंडों के कृषक लाभान्वित होंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए मुजफ्फरपुर से कौशल किशोर कौशिक।

———————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों के तापमान में औसतन दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद

अधिकतर स्थानों के न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है।

---बाइट---

---------------------------------------

राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां आज मधेपुरा स्थित बीएन मंडल विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगे। श्री खां विश्वविद्यालय के अलग–अलग संकायों के सत्तावन टॉपर छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान करेंगे। इसके साथ ही तीन सत्रों के एक हजार तीन सौ नब्बे सफल छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी।

---------------------------------------

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि इक्कीस फरवरी तक बढ़ा दी है। आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इक्कीस फरवरी की शाम छह बजे तक आवेदन जमा किये जायेंगे। वहीं, बाईस फरवरी से अट्ठाईस फरवरी तक अभ्यर्थियों को आवेदन में सुधार का अवसर मिलेगा।

---------------------------------------

मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन कल राज्यभर से उन्नीस परीक्षार्थियों को कदाचार के आरोप में निष्कासित किया गया। सबसे अधिक छह परीक्षार्थी गोपालगंज से निष्कासित किये गये हैं। गया से तीन, भोजपुर, नवादा, पूर्वी चम्पारण और बांका से दो–दो तथा पटना और मधेपुरा से एक–एक परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया। इसके अलावा दूसरे के बदले परीक्षा दे रहे ग्यारह फर्जी अभ्यर्थी भी पकड़े गये हैं।

---------------------------------------

सीमा शुल्क आयुक्तालय, पटना के अधिकारियों ने पाटलिपुत्र जंक्शन पर डिब्रूगढ़–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस से तस्करी कर लाये जा रहे बीस बोरा विदेशी सुपारी को जब्त किया है।

---------------------------------------

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– अश्लीलता पर नकेल को नियम बनाये केन्द्र।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– जनरल टिकटों पर होंगे ट्रेनों के नाम।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– चैम्पियंस ट्रॉफी आज से शुरू। भारत का मैच कल।

प्रभात खबर लिखता है– बिहार दिवस पर अपनी गायकी से मुग्ध करेंगे उदित और अभिजीत।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार ने पटना में रामलखन पथ पर पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए कार्य योजना बनाने का फैसला किया। मशीन लर्निंग और एआई टूल से होगी निगरानी।

02. उत्तर प्रदेश सरकार और महाकुम्भ मेला प्राधिकरण ने प्रयागराज महाकुम्भ मेले की अवधि छब्बीस फरवरी से आगे बढ़ाने की खबरों का खंडन किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के दौरान रोहतास जिले में लगभग बारह सौ करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

04. और, मरीजों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराने के मामले में बिहार लगातार पांचवें महीने देशभर में पहले स्थान पर।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।